Regarding apple cultivation under Fasal Beema Yojana

श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) : माननीय अध्यक्ष महोदय, हिमाचल प्रदेश को सेब उत्पादक राज्य के रूप में जाना जाता है । हिमाचल प्रदेश में दूसरे नम्बर पर सबसे ज्यादा सेब का उत्पादन होता है, विशेष रूप से इसका 80 प्रतिशत उत्पादन मेरे संसदीय क्षेत्र में होता है । हिमाचल प्रदेश में सेब की जो आर्थिकी है, वह लगभग 5 हजार करोड़ रुपए की है ।

महोदय, प्राकृतिक आपदाओं के कारण, बर्फबारी न होने के कारण, भारी बरसात के कारण और कई बार ओला वृष्टि के कारण सेब की फसल बर्बाद हो जाती है, जिससे किसानों और बागबानों को इससे बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है ।

मेरा आपके माध्यम से केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं माननीय प्रधानमंत्री जी से निवेदन है कि जिस प्रकार से अन्य फसलों को फसल बीमा योजना के तहत लाया गया है, उसी प्रकार से सेब की खेती को भी फसल बीमा योजना के तहत लाया जाए ताकि बागबानों को आपदाओं के कारण जो नुकसान होता है, उससे उसकी भरपाई की जा सके और किसानों को मदद दिया जा सके ।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।